8)	दिव्यांगजनों के पुनर्वास और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न एनजीओ के तीन प्रतिनिधि (विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता का प्रतिनिधित्व) इन सदस्यों को चयन समिति की हर बैठक के लिए विभाग द्वारा सह–चयन किया जा सकता है।	सदस्य

(ख) समिति जब कभी आवश्यक समझे, एक विशेषज्ञ को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सकती है।

(ग) संगठनों, जिन्होंने प्रशिक्षण भागीदारों के रूप में नामित किए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा है, के चयन के लिए समिति समय–समय पर (प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक) बैठक आयोजित करेगी ।

(घ) सेक्टर स्किल काउंसिल के गठन और इसकी पूर्ण संचालन तक समिति विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के प्रस्तुत

पाठ्यक्रमों को तय/ अनुमोदित करेगी और व्यक्तिगत दौरे और अन्य प्रकार की प्रतिक्रियाओं के माध्यम से प्रदान किये गए प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी करेगी।

(च) चयन समिति के गैर–सरकारी सदस्य भारत सरकार के निदेशक के समकक्ष अधिकारी को स्वीकृत दरों पर टीए/ डीए के हकदार होंगे।

(छ) चयन समिति द्वारा उपयुक्त पाए गए संगठनों को इस योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु तीन साल की अवधि के लिए "प्रशिक्षण भागीदारों" के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा।

pj.k II

ख. जो संगठन प्रशिक्षण भागीदारों के रूप में सूचीबद्ध हैं, वे उपयुक्त प्रशिक्षण हेतु उनके द्वारा प्रस्तावित कौशल शिक्षण कार्यक्रमों के संबंध में संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा विधिवत अनुशंसित नया विशिष्ट परियोजना आवेदन (दोनों तकनीकी और वित्तीय) सौंपेंगे। आवेदनों की जाँच की जाएगी और चयन समिति द्वारा उपयुक्त पाए जाने पर उन्हें अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय अनुदान दिया जायेगा।

çf'k{k.k ikBîØe%

क) एनएसडीसी ने दिव्यांगजनों के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल का गठन किया है ।

ख) जैसे ही सेक्टर स्किल काउंसिल पूरी तरह प्रारंभ हो जायेगा, यह उद्योग और अन्य क्षेत्र के कौशल परिषदों के साथ बातचीत के माध्यम से, दिव्यांगजनों के लिए कार्य भूमिकाएं और व्यावसायिक मानक तय करेगा, जो विभिन्न कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तय करने के लिए एक आधार बन जाएगा ।

ग) जब तक क्षेत्र कौशल परिषद पूरी तरह से चालू होगा, उपर्युक्त संदर्भित समिति, प्रशिक्षण भागीदारों को स्वीकृति देते हुए, दिव्यांगजनों के कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम पर भी निर्णय लेगी।

घ) दिव्यांगजनों से संबंधित भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) और राष्ट्रीय संस्थान (एनआई), हैं, विभिन्न नौकरियों के लिए समरूप प्रशिक्षण पाठ्यक्रम बनाने में समिति के साथ सहयोग करेंगे।

fufèkdj.k ekunM %

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित अधिसूचना सं. एच–22011/2/2014–एसडीई–आई दिनांक 15 जुलाई, 2015, समय–समय पर संशोधित रूप में, कौशल विकास योजनाओं के लिए सामान्य मानदंड के रूप में प्रशिक्षण लागत, बोर्डिंग और आवास लागत, परिवहन/ वाहन लागत, तीसरे पक्ष के प्रमाणन लागत, पोस्ट प्लेसमेंट सहयोग आदि सहित पूरे वित्तपोषण मानदंडों के संबंध में यथोचित परिवर्तनों सहित लागू होगी ।

çf'k{k.k dh xq.koÙkk fuxjkuh%

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जा रही प्रशिक्षण की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक तंत्र विकसित करेगा जो सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं पर बाध्यकारी होंगे।

vU; 'krsZ%

क) कार्यान्वयन एजेंसी अर्थात प्रशिक्षण प्रदाताओं को, अनुदान सहायता के लिए योजना में दी गई शर्तों का पालन करना होगा।

ख) कार्यान्वयन एजेंसी एक वेबसाइट रखेगा और प्राप्त अनुदान सहायता, उसके उद्देश्य, कार्यक्रमों का आयोजन और लाभार्थियों की सूची तथा उनकी नौकरी नियुक्तियों के विवरण को प्रमुख रूप से प्रदर्शित करेगा।

ग) विशेष ट्रेडों/ नौकरी भूमिकाओं के लिए लागत मानदंड कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं. एच–22011/2/2014–एसडीई–आई दिनांक 15 जुलाई 2015, समय–समय पर संशोधित, की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित लागत श्रेणी के अनुसार तय किया जाएगा।

घ) प्रशिक्षण भागीदारों के रूप में चयनित एनजीओ, नीति आयोग के का.ज्ञा. सं एम–11/16(2)/2015–वीएसी दिनांक 10 सितंबर 2015 द्वारा समय–समय पर संशोधित रूप में अधिसूचित केन्द्रीय क्षेत्र योजनाओं के क्रियान्वयन लिए सामान्य दिशानिर्देशों का अनुपालन करेंगे।

vU; dk'ky fodkl ;kstukvksa ds lkFk vfHklj.k %

कौशल विकास के घटकों का कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय सहित अन्य मंत्रालयों/विभागों द्वारा संचालित अन्य कौशल विकास योजनाओं के साथ अभिसरण होगा, जो कौशल विकास के लिए सामान्य मानदंडों का पालन करेंगे। यदि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय सभी कौशल विकास योजनाओं को निधि देने का निर्णय करता है, तो सिपडा योजना के इस घटक को बंद कर दिया जाएगा। विभाग, कौशल विकास पर प्रशिक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में ईआरएनईटी इंडिया द्वारा स्थापित केंद्रों का उपयोग करेगा। एसआईपीडीए के तहत कौशल विकास का कार्यक्रम प्रारंभ होते ही दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) के तहत इस विभाग द्वारा वित्तपोषित कौशल विकास का घटक बंद कर दिया जाएगा।

leh{kk vkj fuxjkuh%

दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा एक चयन समिति द्वारा की जाएगी। कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी के लिए एमआईएस आधारित निगरानी तंत्र रखा जाएगा।

;kstuk dk vfèkdkj {k= %

दिशानिर्देशों का अधिकार क्षेत्र दिव्यांगजनों के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण भागीदारों को निर्धारित वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना में प्रशिक्षुओं के रोजगार के पहलुओं को शामिल नहीं किया गया

है तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कहीं भी रोजगार पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान नहीं करता है।

xyr lpuk dk çLrqrhdj.k %

यदि किसी प्रशिक्षु या प्रशिक्षण सहयोगी ने कोई गलत सूचना/दस्तावेज प्रस्तुत किया है और इसे झूठ पाया गया है, तो उसे लाभ नहीं दिया जाएगा और उस पर व्यय की गई राशि पर 15 चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वसूली के लिए कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के प्रशिक्षु या प्रशिक्षण संगठन को भी भविष्य के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाएगा और उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

eqdnek%

इन दिशानिर्देशों से उत्पन्न मामलों पर किसी भी मुक़दमे पर केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित न्यायालयों का एकमात्र अधिकार क्षेत्र होगा।

fn'kkfunsZ'kksa dk çkoèkkuksa esa ifjorZu %

इन दिशानिर्देशों के प्रावधानों को किसी भी समय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के विवेकानुसार बदला जा सकता है।

fn'kkfunsZ'kksa dh leh{kk

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जब आवश्यक हो, अपने विवेक पर, इन दिशानिर्देशों की समीक्षा कर सकता है।

¼iv½ ftyk fodykax iquokZl dsUnz ¼MhMhvkjlh½

MhMhvkjlh dk mís';

संरचना के सृजन तथा जिला स्तर पर जागरूकता सृजन, पुनर्वास, प्रशिक्षण तथा पुनर्वास पेशेवरों को सलाह देने हेतु क्षमता निर्माण की सुविधा प्रदान करने के लिए विभाग विकलांगजनों को व्यापक सेवाएं प्रदान करने हेतु देश के सभी गैर–सेवित जिलों में जिला विकलांगता पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना हेतु सहायता करता है। राज्य सरकारों की सक्रिय सहायता से जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना की योजना नौवी पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ की गयी थी तथा बारहवी पंचवर्षीय योजना के दौरान भी चल रही है। कुल 310 जिलों की पहचान की गयी है तथा जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना हेतु अनुमोदन दिया गया है। जिनमें से 248 जिलों में अब तक जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित किये जा चुके हैं।

जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र को केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा वित्तीय, संरचनात्मक, प्रशासनिक तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है ताकि वे संबंधित जिलों में विकलांगजनों को पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर सकें। दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना के प्रमुख उद्देश्य निम्न प्रकार हैं :–

- शिविर आयोजित करने के माध्यम से विकलांगजनों का पता लगाना तथा सर्वेक्षण करनाय
- विकलांगताओं की रोकथाम, शीघ्र पहचान और सहायता हेतु प्रोत्साहित करने हेतु जागरूकता सृजित करना;
- प्रारंभिक हस्तक्षेपय
- सहायक उपकरणों की जरूरत का मूल्यांकन, सहायक उपकरणों का प्रावधान/फिटमेंट, सहायक उपकरणों का फोलोअप/मरम्मतय
- रोगहर सेवाएं अर्थात फिजियोथरेपी, व्यवसाय चिकित्सा, वाक चिकित्सा आदिय
- दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र, बस पास और अन्य छूट तथा सुविधाएंय
- सरकारी तथा चेरीटेबल संस्थानों के माध्यम से सर्जिकल करेक्शन हेतु रेफरल और व्यवस्थाय
- एनएचएफडीसी की राज्य द्वारा चैनेलाइजिंग एजेसिंयों सहित बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से स्व–रोजगार के लिए ऋणों का प्रबंधनय
- दिव्यांगों, उनके माता–पिता तथा परिवार के सदस्यों की काउंसिंलिंग,
- बाधामुक्त वातावरण को बढावा देना,
- दिव्यांगजनों की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार को बढाने के लिए सहायक तथा अनुपूरक सेवाओं का निम्नलिखित के माध्यम से प्रावधान :–
    - o शिक्षकों, समुदाय तथा परिवारों को उन्मुखी प्रशिक्षण देना;
    - o दिव्यांगजनों को शीघ्र प्रेरित करने तथा शीघ्र प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना;
    - o स्थानीय संसाधनों के आलोक में दिव्यांगजनों हेतु उपयुक्त व्यवसायों की पहचान करना, और व्यवसायिक प्रशिक्षण डिजाइन करना और प्रदान करना तथा उपयुक्त नौकरियों की पहचान करना ताकि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके; और
    - o वर्तमान शैक्षणिक, प्रशिक्षण, व्यावसायिक संस्थानों हेतु रेफरल सेवाएं प्रदान करना।

योजना केन्द्रीय सरकार तथा राज्यों का एक संयुक्त उद्यम है। जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र का ''विकलांगजन अधिनियम, 1995 की कार्यान्वयन योजना'' के तहत प्रारंभ में 3 वर्श के लिए (पूर्वोत्तर क्षेत्र, जम्मू एवं कश्मीर, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, दमन और दीव तथा दादर एंड नागर हवेली के मामले में 5 वर्श) धन प्रदान किया जाता है। इसके पश्चात दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना के तहत टेपरिंग आधार पर धन प्रदान किया जाता है।

राज्य सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों के प्रभावी कार्यान्वयन में सकारात्मक भूमिका अदा करें। स्थानीय प्रशासन की सहभागिता में वृद्धि करने के लिए जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए अनेक मानदेयों तथा अन्य अपेक्षाओं को उपयुक्त ढंग से अनुपूर्ति करें।

राज्य सरकारें जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु जमीनी वास्तविकताओं के मद्देनजर योजना में व्यापक प्रावधान के अन्दर संसाधन करने हेतु जिला प्रबंधन टीम के अध्यक्ष के तौर पर जिला कलैक्टरों को उनकी क्षमता में अधिकृत कर सकती हैं। राज्य सरकारें जिला कलैक्टरों को कठिनाइयों को कम करने हेतु, जिससे केन्द्रीय निधि से धन जारी करने में देरी होती है, अपनी ओर स्थानीय निधि से अंतरिम अग्रिम जारी करने हेतु भी अधिकृत कर सकती हैं।

vuqnku gsrq Lohdk;Z dk;kZdyki@?kVd

Lohdk;Z vuqnku lgk;rk

प्रत्येक जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र को विकलांगजनों को व्यापक पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने हेतु अनुदान सहायता दी जाती है। अनुदान में आवर्ती तथा गैर–आवर्ती घटक षामिल होते हैं जिससे जिला प्रशासन/कार्यान्वयन एजेंसियाँ जिले में जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र चलाने के लिए किराया मुक्त आवास का प्रबंध करती हैं। जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र योजना के अंतर्गत एक जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र के संबंध में आवर्ती और गैर–आवर्ती व्यय के विवरण निम्न प्रकार से हैं :–

(लाख रूपये में)

in	lkekU; jkT; ifjo"k	fo'ks"k jkT;ksa dks fy;s ¼iwoksZÙkj] tEew vkSj d'ehj vkSj l?k jkT; {ks=½&20% dh of)
कुल मानदेय	8.10	9.72
कार्यालय व्यय/आकस्मिकतायें	2.10	2.10
उपकरण (केवल प्रथम वर्श के लिये)	7.00	7.00
प्रथम वर्श के लिये कुल	17.20	18.82
दूसरे वर्श के लिये कुल	10.20	11.82
तीसरे वर्श के लिये कुल	10.20	11.82
कुल व्यय	37.60	42.46

पूर्वोत्तर राज्यों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, दमन एवं दीव तथा जम्मू एवं कश्मीर में 20 प्रतिशत अतिरिक्त खर्च (अर्थात 42.46 लाख रूपयें तक) अनुमत्य है। उसके बाद दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना के अंतर्गत वित्त पोशण किया जाता है। जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र को टेपरिंग प्रावधान के अनुसार निर्धारित लागत

मानदंडों के अनुसार बजटीय राशि के 90 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता प्रदान की जाती है। यह केवल षहरी क्षेत्र में जारी की जाती है। अनुदान की टेपरिंग 7 वर्श के बाद की जाती है प्रत्येक हर दूसरे वर्श 5% की दर से लागू की जाती है। 75% से आगे कोई टेपरिंग लागू नहीं की जाती है।

प्रत्येक पद हेतु निर्धारित जन शक्ति तथा अनुमत्य मानदेय नीचे दिया गया है :–

Ø-l-	in	ifrekg vf/kdre ekun; ¼:i;s e½	;kX;rk
1	क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक/मनोवैज्ञानिक	8200	क्लिनिकल मनोविज्ञान में एमफिल/मनोविज्ञान में एम.ए, विकलांगता पुनर्वास के क्षेत्र में 2 वर्श के अनुभव को वरीयता
2	वरिश्ठ फिजियोथिरेपिस्ट/ आकोपेशनल थिरेपिस्ट	8200	5 वर्श के अनुभव के साथ संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर
3	षारीरिक विकलांग वरिश्ठ प्रोसथेटिस्ट/आर्थोटिस्ट	8200	किसी राश्ट्रीय संस्थान से वरीयता के साथ प्रोसथेटिक तथा आर्थोटिक में 5 वर्श की डिग्री अथवा 6 वर्श के अनुभव के साथ प्रोसथेटिक तथा आर्थोटिक में डिप्लोमा
4	प्रोसथिटिस्ट आर्थोटिस्ट तथा तकनीशियन	5800	2/3 वर्श के अनुभव के साथ आईटीआई प्रशिक्षित
5	वरिश्ठ वाक थिरेपिस्ट ऑडियोलोजिस्ट	8200	संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर/बीएससी (वाक एवं श्रवण)
6	श्रवण सहायक/कनिश्ठ वाक थिरेपिस्ट	5800	श्रवण यंत्र मरम्मत/ईयर माऊल्ड मेकिंग के ज्ञान के साथ वाक एवं श्रवण में डिप्लोमा
7	गतिशीलता अनुदेशक	5800	गतिशीलता में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा के साथ मेट्रिकुलेशन
8	बहुद्देशीय पुनर्वास कार्यकर्त्ता	5800	सीबीआर/एमआरडब्ल्यु कोर्स में डिप्लोमा के साथ 10़2 पास अथवा 2 वर्श के अनुभव के साथ प्रारंभिक बचपन विशेश शिक्षा में एक वर्शीय डिप्लोमा कोर्स
9	लेखाकार–सह–लिपिक सह भंडारपाल	5800	2 वर्श के अनुभव के साथ बी.कॉम/एसएएस
10	परिचर–सह–चपरासी सह संदेशवाहक	3800	8वीं कक्षा उत्तीर्ण

ukV %&

i) पूर्वात्तर राज्यों, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी, दमन एवं दीव तथा जम्मू एवं कश्मीर में स्थित जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों के पुनर्वास पेशेवरों को देश के षेश भागों में स्थित जिला विकलांग पुनर्वास के लिये निर्धारित मानदेय से 20 प्रतिशत अधिक मानदेय दिया जाएगा ।

ii) ये जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र गैरसेवित जिलों में स्थापित करने हेतु प्रस्तावित हैं जहां प्रारंभिक तौर पर निर्धारित अर्हता के साथ स्टाफ मिलना मुष्किल हो सकता है। इसलिए जब तक अहर्ता प्राप्त पेषेवर उपलब्ध नहीं होते, हैं जिला प्रबंधन टीम निम्नतर अहर्ता प्राप्त व्यक्तियों को नियुक्त कर सकते है तथा अनुपातिक आधार पर उनका मानदेय कम कर सकती है। तथापि, तकनीकी पदों के विरूद्ध गैर–तकनीकी व्यक्तियों को नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए। तकनीकी रूप से सुदृढ व्यक्ति उपलब्ध होने की दशा में अधिक भुगतान किया जा सकता है।

dl vkonu dj

विकलांगजन अधिनियम कार्यान्वयन योजना (सिपडा) के अंतर्गत चिहनित तथा अनुमोदित जिलों में जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र की स्थापना हेतु प्रथम वर्श के अनुदान प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार को निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करना होता है :–

(i) जिला प्रबंधन टीम (डीएमटी) के गठन करने संबंधी आदेष की प्रति, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिलाधीष/जिला कलेक्टर द्वारा की जायेगी तथा इसमें समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायती राज, महिला तथा कल्याण विभाग के कर्मचारीगण तथा अन्य कोई विषेशज्ञ, जिसका डीएम/डीसी सहयोग लेना चाहते है, षामिल होगें।

(ii) जिला प्रबंधन टीम द्वारा चिहनित/अनुषंसित कार्यान्वयन एजेंसी वरीयता के तौर पर जिला रेडक्रास सोसायटी अथवा राज्य की स्वायत्त निकाय हो सकता है अथवा उनकी अनुपस्थिति में दिव्यांगजनों के पुनर्वास में संलग्न प्रतिश्ठित गैर–सरकारी संगठन हो सकता है।

(iii) जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र के नाम से संयुक्त बैंक खाता खोलने के लिए बैंक का अधिकृतकरण पत्र (इसमें एक प्रतिनिधि जिला प्रबंधन टीम से तथा दूसरा कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा अधिकृत व्यक्ति)।

(iv) समितियां अधिनियम/ट्रस्ट अधिनियम/कंपनीज अधिनियम (धारा 25) के तहत पंजीकृत प्रमाणपत्र की प्रति।

(v) विकलांगजन अधिनियम, 1995 के अधीन पंजीकरण प्रमाण–पत्र।

(vi) कार्यान्वयन एजेंसी की पिछले 2 वर्श की वार्शिक रिपोर्टों तथा लेखा परीक्षित लेखों (चाटर्ड अकाउंटेंट से विधिवत् स्याही हस्ताक्षर तथा चार्टर्ड लेखाकार की मोहर और अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा प्रति हस्ताक्षरित) की प्रतियां।

(vii) निरीक्षण रिपोर्ट की प्रति।

(viii) जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र को पूर्व में जारी किये गये अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र।

ftyk fodykx iquokl dUn Loh—fr dh ifØ;k

निर्धारित दस्तावेजों के साथ पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त हो जाने पर उन पर कार्यवाही की जाती है और उन्हें एकीकृत वित्त प्रभाग से वित्तीय सहमति प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया जाता है। उनकी सहमति के बाद सक्षम प्राधिकारी का प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त किया जाता है और स्वीकृति आदेश जारी किया जाता है तथा बिल तैयार करके उसे जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र के संयुक्त खाते में स्वीकृत राशि के हस्तांतरण के लिये वेतन एवं लेखा कार्यालय को प्रस्तुत किया जाता है।

(v) vU; ;kstuk,a

¼d½- Nk=of̀Uk@jkstxkj ;kstuk,a

¼d½ fn0;kax Nk=ksa ds fy, fç&eSfVªd Nk=of̀Uk vkSj iksLV&eSfVªd Nk=of̀Uk

;kstuk ds mn~ns'; vkSj lf{kfIr%

- योजना के उद्देष्य प्रि–मैट्रिक स्तर (कक्षा प्u और ग) तथा पोस्ट–मैट्रिक स्तर (कक्षा गप्ए गप्प और स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा स्तर तक) में अध्ययनरत विकलांग छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- वित्तीय सहायता में छात्रवृत्ति, पुस्तक अनुदान, एस्कोर्ट/रीडर भत्ता आदि षामिल हैं।
- प्रत्येक वर्श प्रि–मैट्रिक स्तर के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्तियां 46,000 तथा पोस्ट–मैट्रिक स्तर हेतु 16,650 हैं।
- इन दो छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रषासननों की अनुषंसा के उपरांत मेरीट आधार पर किया जाता है।
- ये योजनाएं एक वेब–पोर्टल "नेशनल ई–स्कोलरशिप पोर्टल" (ूेबीवसंतेीपचेण्हवअण्पद) के माध्यम से ऑन–लाइन कार्यान्वित की जा रही हैं ताकि छात्र ऑन–लाइन आवेदन कर सकें और लाभार्थियों को लाभ सीधे लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से पहुंच सके।

Nk=of̀Uk;ksa dk eSY;

fç&eSfVªd Nk=of̀Uk%

प्रि–मैट्रिक छात्रवृत्ति के मूल्य में कोर्स की पूर्ण अवधि हेतु निम्नलिखित षामिल हैं:

(i) Nk=o`fÙk ,o vU; vuqnku(

enk	fno l Ldkyj	Nk=kok l e: jgu: oky: Nk=
एक शैक्षणिक वर्ष में 10 माह हेतु देय छात्रवृत्ति (रुपए प्रतिमासिक) की दर	350	600
पुस्तक तथा तदर्थ अनुदान (रुपए वार्शिक)	1,000	1,000

(ii) HkÙk%

HkÙk:	jkf'k ¼#i, e½
दृष्टिहीन छात्रों हेतु मासिक रीडर भत्ता	160
मासिक परिवहन भत्ता, यदि ऐसे छात्र शैक्षणिक संस्था के परिसर के भीतर होस्टल में नहीं रहते हैं तो	160
गंभीर रूप से विकलांग (अर्थात 80% अथवा उच्च विकलांगताओं के साथ) दिवस स्कालर/ अत्यधिक अल्प विकलांगता वाले छात्रों के लिए मासिक एस्कोर्ट भत्ता	160
शैक्षणिक संस्था के होस्टल में रहने वाले गंभीर रूप से सहायता अपेक्षित अस्थि विकलांग छात्र को सहायता देने के इच्छुक होस्टल के किसी कर्मचारी को अनुमेय मासिक सहायक भत्ता	160
मानसिक मंद और मानसिक रूग्ण छात्रों को मासिक कोचिंग भत्ता	240

ikLV&efVd Nk=o`fÙk%

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के मूल्य में कोर्स की पूर्ण अवधि हेतु निम्नलिखित शामिल हैं :

(i) रखरखाव भत्ता;

(ii) कोर्स की पूर्ण अवधि के लिए दिव्यांग छात्रों हेतु अतिरिक्त भत्ता, और

(iii) अनिवार्य गैर–प्रतिदेय शुल्क की प्रतिपूर्ति

(iv) पुस्तक भत्ता

विवरण निम्नानुसार हैं :–

- j[kj[kko HkÙkk

leg	j[kj[kko HkÙk dh nj ¼çfrekg #i, e½	
	gkLVyj	fnol Ldkyj
leg I किसी भी क्षेत्र में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त समस्त स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा कोर्स। चिकित्सा (एलोपैथिक, चिकित्सा की भारतीय और अन्य मान्यता प्राप्त प्रद्धतियां), इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्लानिंग, वास्तुकला, डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी, कृषि, पशु चिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान, प्रबंधन, व्यवसाय वित्त/प्रशासन, कम्प्यूटर विज्ञान/एप्लिकेशनस।	1200	550
leg II फार्मेसी (बी फार्मा), एलएलबी, बीएफएस, पुनर्वास, नैदानिक आदि जैसी अन्य पैरा–मेडकिल ब्रांचिस, जनसंचार, होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग, ट्रेवल/पर्यटन/होस्पिटलिटी प्रबंधन, आंतरिक सजावट, पोषण एवं आहार, वाणिज्यिक कला, वित्तीय सेवाएं (अर्थात बैंकिंग, बीमा, कराधान आदि), जिनके लिए प्रवेश अर्हता कम से कम वरिष्ठ माध्यमिक (10+2) है, जैसे क्षेत्र में डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट वाले व्यावसायिक कोर्स।	820	530
leg III समूह I तथा II अर्थात बीए/बीएससी/बी.कॉम आदि के अंतर्गत कवर न किये गये स्नातक डिग्री वाले सभी अन्य कोर्स।	700	500
leg IV समस्त पोस्ट–मैट्रिक स्तर के गैर–डिग्री कोर्स जिनके लिए प्रवेश अर्हता हाई स्कूल (कक्षा X) अर्थात वरिष्ठ माध्यमिक प्रमाण–पत्र (कक्षा XI तथा XII); सामान्य और व्यावसायिक स्ट्रीम दोनों, आईटीआई कोर्स, पोलिटेक्निकस में 3 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स आदि हैं।	650	400

- Nk=k dh fodykxrk d vk/kkj ij vfrfjDr HkÙk

इसके अलावा इस योजना में अध्ययन दौरा प्रभार, पुस्तक भत्ता, पुस्तक बैंक, टंकण और मुद्रण प्रभार, रीडर भत्ता, एस्कोर्ट भत्ता, कोचिंग भत्ता और विशेष भत्ता आदि का भी प्रावधान है।

- vfuok;l xj&okiluh; 'kYd dh çfrifrl

स्कॉलरों को, नामांकन/पंजीकरण, टयूशन, खेल, यूनियन, पुस्तकालय, मैगजीन, चिकित्सा परीक्षा तथा ऐसे अन्य शुल्क जो स्कॉलर द्वारा संस्थान अथवा विश्वविद्यालय/बोर्ड को अनिवार्यतः देय होगी, अदा की जायेगी। तथापि, कॉशन मनी, सुरक्षा जमाराशि जैसी वापसनीय जमाराशि को बाहर रखा जाएगा।

vkosnu vkj p;u dh çfØ;k

i. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग योजना के विवरण की घोषणा करेगा तथा अग्रणी समाचारपत्रों तथा वेबसाइटों और अन्य मीडिया आउटफिटस में विज्ञापन जारी करके आवेदन आमंत्रित करेगा। आवेदन पत्र ई–स्कॉलरशिप पोर्टल (www.scholarships.gov.in) के माध्यम से मांगे जाएंगे।

ii. आवेदकों को अपने आवेदन उनकी प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के भीतर ऑनलाइन के माध्यम से जमा करने चाहिए। 50000/– रू. प्रतिवर्श से अधिक की छात्रवृत्ति के लिए निर्धारित प्रपत्र में विधिवत भरा हुआ आवेदन फोटो, आयु का प्रमाणपत्र, विकलांगता प्रमाणपत्र, माता–पिता की आय का प्रमाणपत्र आदि जैसे समस्त अपेक्षित दस्तावेजों का उक्त छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड किया जाना अपेक्षित है।

iii. वे संस्थान भी, जिनमें अभ्यर्थी अध्ययनरत हैं, उसी वैबसाइट में अपने आप को पंजीकृत करेंगे और अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणों की जांच करेंगे। राज्य द्वारा नामित नोडल अधिकारी सभी आवेदनों को देखेगा और उन पर राज्य सरकार के साथ कार्यवाही करेगा जो लाभार्थियों को छात्रवृत्ति की राषि के वितरण के लिए अंतिम सूची को पीएफएमएस पोर्टल में अग्रेशित करेगी।

iv. राज्य सरकार के संबंधित विभाग की अनुशंसाओं के आधार पर अन्य बातों के साथ–साथ उस राज्य विशेष में उपलब्ध स्लाटों की संख्या पर विचार करते हुए अंतिम चयन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया जाएगा। किसी राज्य को उपलब्ध स्लाटों की संख्या भारत की कुल दिव्यांजन संख्या की तुलना में उस राज्य की दिव्यांगजन संख्या के प्रतिशत के आधार पर निर्णित की जाती है।

v. यदि कोई अभ्यर्थी किसी राज्य का स्थायी निवासी है परंतु वह अन्य राज्य में अध्ययन कर रहा है, तो उसके आवेदन पर उसके गृह राज्य की सीट के अंतर्गत विचार किया जाएगा। उसके आवेदन पर जिस राज्य का वह स्थायी निवासी है उस राज्य के शिक्षा/कल्याण विभाग की अनुशंसा आवश्यक है।

p;u d fy, efjV ekinM ¼ निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाएगा :

(i) योजना में दिये गये अनुसार पात्रता शर्तों को पूरा करना।

;ii) राज्य शिक्षा विभाग की संस्तुति।

(iii) राज्य में उपलब्ध सीटों की संख्या।

(iv) अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के संबंध में अभ्यर्थी की मेरिट।

(v) अंको की प्रतिषतता बराबर होने (टाई) के मामले में विकलांगता की प्रतिषतता पर विचार किया जायेगा अर्थात विकलांगता की अधिक प्रतिषतता वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। उसके बाद भी टाई होने के मामले में आयु पर विचार किया जाएगा अर्थात अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

Nk=ofÙk forj.k dk rjhdk

छात्रवृत्ति की राषि दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा पीएफएमएस सिस्टम के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में सीधे जमा की जाएगी।

¼[k½ fn0;kx Nk=kà dš fy, Vki dykl ,tqdš'ku Nk=ofÙk

;kstuk dš mnn's; vkSj lf{kIr%

- इस योजना का उद्देश्य विकलांग छात्रों को पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा तथा मान्यता देना है।
- यह योजना किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा स्तर पर अध्ययन करने वाले दिव्यांग छात्रों को कवर करेगी।
- यह योजना दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा उत्कृश्ट संस्था के रूप में अधिसूचित सभी संस्थाओं में संचालित की जायेगी।
- वित्तीय सहायता में छात्रवृत्ति, पुस्तक अनुदान, एस्कोर्ट/रीडर भत्ता, आदि षामिल हैं।
- टाप कलास एजुकेशन के लिए 2017–18 के दौरान स्वीकृत की जाने वाली छात्रवृत्तियों की सख्या 110 है। छात्रवृत्तियों का 50 प्रतिषत लडकियों के लिए आरक्षित है।
- टाप कलास एजुकेशन के लिए अभिभावकों की आय सीमा 6.00 लाख रुपए वार्शिक है।
- इन तीन छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्रों की अनुषंसा के बाद मेरिट के आधार पर किया जाता है।

foÙkh; lgk;rk dh iek=k

छात्रवृत्ति में निम्नलिखित शामिल होंगेः

Ø-la-	Nk=ofÙk dk ?kVd	Nk=ofÙk çfr çkIrdrk nj
(i)	संस्थान को देय/भुगतान किए जाने वाले गैर–वापसनीय तथा ट्यूशन शुल्क की प्रतिपूर्ति	2.00 लाख रुपए तक वार्शिक (वास्तविक राशि की शर्त पर)
(ii)	रखरखाव भत्ता	छात्रावास में रहने वाले को 3000/– रुपये मासिक दिवस छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता के लिए 1500/– रुपये मासिक
(iii)	विशेष भत्ता (रीडर भत्ता, एस्कोर्ट भत्ता, हैल्पर भत्ता आदि जैसे विकलांगताओं के प्रकारों से संबंधित)	2000/– रुपये मासिक
(iv)	पुस्तकें एवं लेखन सामग्री	5,000/–रुपये वार्शिक
(v)	साजो समान के साथ एक कम्प्यूटर खरीद हेतु व्ययों की प्रतिपूर्ति	पूरे कोर्स हेतु एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रति छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता 30,000/–रुपये
(vi)	चयनित अभ्यर्थी की विशेष विकलांगता से संबंधित आवश्यक सॉफ्टवेयर सहित सहायक यंत्रों तथा उपकरणों की खरीद हेतु व्ययों की प्रतिपूर्ति	पूरे कोर्स हेतु एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रति छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता 30,000/–रुपये

vkosnu djus vkj p;u djus dh çfØ;k

(i) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग योजना के ब्यौरों की घोषणा करेगा तथा अग्रणी समाचारपत्रों में तथा वेबसाइट और अन्य मीडिया आउटफिट के माध्यम से विज्ञापन जारी करके आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा। आवेदन पत्र इस प्रयोजनार्थ इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे नेशनल ई–स्कालरशिप पोर्टल, एक ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रबंधन कार्यक्रम, के माध्यम से आवेदन मांगे जाएंगे।

(ii) आवेदकों को अपने आवेदन उनकी प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के भीतर ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिए। फोटो, आयु प्रमाण, विकलांगता प्रमाणपत्र, माता–पिता का आय प्रमाणपत्र आदि जैसे सभी अपेक्षित दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ निर्धारित प्रपत्र ऑनलाइन सिस्टम में अपलोड किया जाना चाहिये।

(iii) वह संस्थान, जिसमें वह अध्ययरत होगा, आयु, जन्म–तिथि, विकलांगता प्रमाणपत्र, कोर्स की मान्यता, प्राप्त शुल्क आदि जैसे आवेदन में विहित तथ्यों का आवश्यक सत्यापन करने के उपरांत संबंधित राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को पोर्टल के माध्यम से आवेदन अग्रेषित करेगा। राज्य शिक्षा विभाग संबंधित संस्थान की मान्यता सहित सभी आवश्यक सावधानीपूर्वक जांच करेगा और दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को अपनी अनुशंसा से आवेदन अग्रेषित करेगा।

(iv) राज्य सरकार के राज्य षिक्षा विभाग की अनुशंसाओं के आधार पर अन्य बातों के साथ–साथ उस राज्य विशेष में उपलब्ध स्लाटों की संख्या पर विचार करते हुए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। किसी राज्य में उपलब्ध स्लाटों की संख्या का निर्णय वर्श 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल दिव्यांगजन आबादी की तुलना में उस राज्य की दिव्यांगजन प्रतिशतता के आधार पर किया जाएगा।

(v) यदि कोई अभ्यर्थी किसी एक राज्य का स्थायी निवासी है परंतु वह अन्य राज्य में अध्ययन कर रहा है तो उसके आवेदन पर उसके गृह राज्य की स्लाटों के अंतर्गत विचार किया जाएगा। उसके आवेदन पर जिस राज्य का वह स्थायी निवासी होगा उस राज्य के शिक्षा विभाग की अनुशंसा आवश्यक है।

चयन के लिए मेरिट मापदण्ड:

निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाएगा:

(i) योजना में दी गई पात्रता की शर्तो को पूरा करना।

(ii) राज्य शिक्षा विभाग की संस्तुति।

(iii) राज्य में उपलब्ध सीटों की संख्या।

(iv) अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के मद्देनजर अभ्यर्थी की मेरिट

(v) अंको की प्रतिषतता बराबर होने (टाई) के मामले में अभिभावकों की आय की सीमा पर विचार किया जाएगा अर्थात अभिभावकों की कम आय सीमा वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

(vi) उसके बाद भी टाई होने के मामले में विकलांगता की प्रतिषतता पर विचार किया जाएगा अर्थात विकलांगता की अधिक प्रतिषतता वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

चयन समिति:

आवेदकों की संख्या अनुमत्य छात्रवृत्तियों की संख्या से अधिक होने के मामले में पात्रता के आधार पर अभ्यर्थियों के चयन के लिए सचिव, दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग के अनुमोदन से चयन समिति गठित की जाएगी।

छात्रवृत्ति वितरण का तरीका

छात्रवृत्ति की राषि दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा लाभार्थियों के खातों में पीएफएमएस सिस्टम के माध्यम से सीधे जमा की जाएगी।

(ग) दिव्यांग छात्रों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति

योजना के उद्देश्य एवं संक्षिप्त

- दिव्यांग छात्रों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति की योजना स्नातकोत्तर डिग्री तथा पीएचडी स्तर पर विदेश में अध्ययन कर रहे दिव्यांग छात्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

- हर वर्ष बीस (20) छात्रवृत्तियां दी जाती हैं जिनमें से छह महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं।
- छात्रवृत्ति की राशि में रखरखाव भत्ता, आकस्मिकता भत्ता, ट्यूशन शुल्क और हवाई यात्रा आदि की लागत शामिल है।
- माता–पिता आय सीमा 6.00 लाख रुपये वार्शिक है।
- उपर्युक्त के अलावा प्रतिवर्ष दो दिव्यांग छात्रों को ''पारगमन अनुदान'' का भी प्रावधान है। केवल वे दिव्यांग छात्र जिन्होंने किसी विदेशी सरकार/संगठन से स्नातकोत्तर अध्ययन, विदेश में अनुसंधान अथवा प्रशिक्षण (संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, कांफ्रेंस में भाग लेने को छोड़कर) मेरिट छात्रवृत्ति प्राप्त की हैं अथवा अन्य किसी योजना, जिसमें पारगमन की लागत नहीं दी गई होगी, पात्र होंगे। पारगमन अनुदान में एयर इंडिया के माध्यम से इकॉनामी क्लास में गृह नगर से विदेशी संस्थान तक आने–जाने का किराया शामिल है।

U;wure ;kX;rk %

पीएचडी के लिएः प्रासंगिक स्नातकोत्तर डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंक अथवा समकक्ष ग्रेड।

स्नातकोत्तर डिग्री के लिए : प्रासंगिक स्नातक डिग्री में 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंक अथवा समकक्ष ग्रेड।

आयु : योजना के विज्ञापन के मास के प्रथम दिन की स्थिति के अनुसार 35 (पैंतीस) वर्ष से कम।

एक परिवार में अधिकतम दो बच्चे : एक ही माता–पिता/संरक्षक के दो से अधिक दिव्यांग बच्चे पात्र नहीं होंगे।

foÙkh; lgk;rk dh izek=k

Ø- l-	HkÙks dh fdLe	jkf'k
1.	वार्षिक रखरखाव भत्ता	यू.के. हेतु – जीबीपी 9,900/–
		अन्य देशों हेतु – 15,400/– अमरीकी डालर
2.	वार्षिक आकस्मिक भत्ता	यू.के. हेतु – जीबीपी 1,100/–
		अन्य देशों हेतु – 1,500/– अमरीकी डालर
3.	अनुसंगिक यात्रा भत्ता	अन्य देशों हेतु – 20/–अमरीकी डालर
4.	उपकरण भत्ता	1500/–रुपये
5.	ट्यूशन शुल्क, हवाई परागमन लागत, स्थानीय यात्रा, पोल टैक्स, वीजा फीस, चिकित्सा बीमा प्रिमियम	वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी

छात्रवृत्ति की अवधि – (क) पीएचडी हेतु – 4 वर्ष (ख) मास्टर डिग्री हेतु – 3 वर्ष

p;u dh izfØ;k

योजना का योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी के साथ समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया जाएगा। अभ्यर्थी योजना की षर्तो के अनुसार अपने पात्रता और उपयुक्तता का आकलन करने के बाद निर्धारित प्रपत्र में, जो विज्ञापन का भाग होगा (रोजगाररत अभ्यर्थी उचित माध्यम द्वारा), दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग को आवेदन करेंगे। विज्ञापन में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि भी दी जाएगी। उसके बाद आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त हुए सभी आवेदनों को विज्ञापन में अधिसूचित किए अनुसार स्क्रीनिंग समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। स्क्रीनिंग समिति द्वारा छांटे गए अभ्यर्थियों को निजी साक्षात्कार के लिए स्वयं को चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। चयन समिति द्वारा व्यैक्तिक अभ्यर्थियों के आंकलन के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी और चयन समिति मेरिट का निर्णय करने के लिए अंतिम रुप से चयन प्रक्रिया को पूरा करेगी। दो अथवा अधिक अभ्यर्थियों के टाई होने के मामले में, उच्चतर माध्यमिक स्कूल प्रमाण–पत्र में रिकार्ड की गई संबंधित जन्मतिथि के अनुसार जिसकी आयु अधिक होगी (जन्म तिथि के अनुसार) उसे अन्य अभ्यर्थियों से ऊपर रखा जाएगा।

Nk=ofÙk jkf'k dk forj.k

छात्रवृत्ति राषि का वितरण दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा एक अधिकृत बैंक के माध्यम से किया जाएगा जो छात्रवृत्ति राषि को एसडब्ल्युईएफडी अथवा किसी अन्य इलैक्ट्रॉनिक मोड़ का प्रयोग करके चुने गए अभ्यर्थियों के बैंक खातों में सीधे भुगतान करेगा।

तथापि अध्ययन संस्थान की प्रमाणिकता/मान्यता का सत्यापन करने हेतु विदेषों में संबंधित भारतीय दूतावासों/उच्च आयोगों की रिपोर्टे प्राप्त की जाएगी और छात्र की प्रगति रिपोर्ट भी प्राप्त की जायेगी।

¼?k½ fnO;kaxtuksa ds fy, us'kuy QSyksf'ki

योजना के उद्देश्य और संक्षिप्त

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्रदत्त किसी विश्वविद्यालय में एम.फिल तथा पीएच.डी जैसी डिग्रियों से संबंधित उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दिव्यांग छात्रों के अवसरों में वृद्धि करने के लिए वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान दिव्यांग छात्रों हेतु नेशनल फैलोशिप की योजना षुरु की गई थी।

- इस योजना के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों को प्रति वर्ष 200 फैलोशिपस (जूनियर रिसर्च फेलोज, जेआरएफ) दी जाती हैं। दिव्यांग छात्रों की पर्याप्त संख्या की अनुपलब्धता के मामले में किसी वर्ष के दौरान प्राप्त न की गई शिक्षावृत्तियों की संख्या अगले शैक्षिक सत्र में अग्रेषित की जाएंगी।

- यदि उम्मीद्वारो की संख्या उपलब्ध फैलोशिपस की संख्या से अधिक हो तो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अभ्यर्थियों द्वारा स्नातकोत्तर परीक्षा में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन करता है।

Qlykf'kil dh iek=k %

(i) जूनियर रिसर्च फैलोशिपस और सीनियर रिसर्च फैलोशिपस हेतु फैलोशिपस की दरें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग फैलोशिपस के समकक्ष होंगी। इस समय ये दरें निम्नानुसार से हैं :

1	इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, विज्ञान, मानविकी और समाज विज्ञान (कला/ललित कला सहित) में फैलोशिप	प्रारंभिक दो वर्षों के लिए 25,000 रुपये मासिक दर पर (जेआरएफ) शेष कार्यकाल के लिए 28,000 रुपये मासिक दर पर (एसआरएफ)
2	मानविकी और सामाजिक विज्ञान (कला/ललित कला सहित) हेतु आकस्मिकता (कला/ललित कला सहित)	प्रारंभिक दो वर्षों हेतु 10,000 रुपये वार्शिक दर पर शेष कार्यकाल हेतु 20,500 रुपये वार्शिक दर पर
3	विज्ञान, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी हेतु आकस्मिकता	प्रारंभिक दो वर्षों हेतु 12000 रुपये वार्शिक दर पर शेष कार्यकाल हेतु 25000 रुपए वार्शिक दर पर
4	विभागीय सहायता (समस्त विषय)	अवसंरचना उपलब्ध कराने हेतु मेजबान संस्थान को 3000 रुपये प्रति छात्र वार्शिक दर पर
5	एस्कोर्ट/रीडर सहायता (सभी विषय)	शारीरिक और दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के मामले में 2000 रुपये मासिक दर पर

(ii) मकान किराया भत्ता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग पैटर्न पर होगा तथा उन छात्रों को देय होगा जिन्हें छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रस्तावित होस्टल आवास से छात्र द्वारा इनकार किया जाता है तो छात्र मकान किराये भत्ते हेतु अपना दावा छोड़ देगा। चिकित्सा सुविधाएं, प्रसूति अवकाश सहित अवकाश सुविधाओं जैसे अन्य सुविधाएं उनके फैलोशिप प्रोग्राम के मामले में विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार अधिशासित होंगी।

Qlykf'ki dk fy;s ik=rk

(i) किसी विश्वविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्था में एम.फिल/पीएचडी डिग्री में प्रवेश प्राप्त कोई दिव्यांग छात्र।

(ii) दो वर्ष उपरांत यदि फैलोशिप प्रदत्त छात्र के अनुसंधान कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई जाती है तो उसके कार्यकाल को सीनियर रिसर्च फैलोशिप (एसआरएफ) के रूप में आगे तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जाएगा। अनुसंधान कार्य का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा। जेआरएफ और एसआरएफ प्रदायगी की कुल अवधि पांच वर्ष की अवधि से अधिक नहीं होगी।

dkslZ dk uke	vf/kdre vof/k	tsvkj,Q vkSj ,lvkj,Q dh vuqeU;rk	
		tsvkj,Q	,lvkj,Q
एम.फिल	2 वर्ष	2 वर्ष	शून्य
पीएच.डी	5 वर्ष	2 वर्ष	शेष 3 वर्ष
एम फिल. पीएचडी	5 वर्ष	2 वर्ष	शेष 3 वर्ष

dSls vkosnu djsa% आवेदन आमंत्रित करने के लिए समाचार–पत्रों और वेबसाइट में विज्ञापन दिए जाते हैं। अभ्यर्थियों को विष्वविद्यालय अनुदान आयोग की वेबसाइट ूण्नहबण्बण्पद के माध्यम से आवेदन करना होता है। अभ्यर्थियों का चयन विष्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किया जाता है। अपेक्षित दस्तावेजः विकलांगता प्रमाण–पत्र, आयु का प्रमाण, षैक्षिक योग्यता का प्रमाण और योजना में अपेक्षित कोई अन्य दस्तावेज।

/ku dh Lohd`fr ds fy, izfØ;k% विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अभ्यर्थियों की सूची के आधार पर, अपेक्षित राषि केनरा बैंक को, जिसे चुने गए अभ्यर्थियों को षिक्षावृत्ति के वितरण के लिए नामित किया गया है, हस्तांरित की जाती है। चुने गए अभ्यर्थी को केनरा बैंक की अधिकृत षाखाओं में से किसी एक षाखा में अपने संस्थान के प्रमुख द्वारा विधिवत रुप से सत्यापित अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करेने होंगे। केनरा बैंक (सरकारी व्यवसाय शाखा) आवश्यक सत्यापन करने के बाद देय और पात्रता राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी करेगा।

¼M-½ fn0;kax Nk=ksa dh fu%'kqYd dksfpax ds fy, iLrkfor dsUnzh; {ks=d ;kstuk%

संविधान के भाग 4 की धारा 41 ("राज्य नीति के निर्देषक सिद्वान्त'') राज्य को, काम का अधिकार, षिक्षा और बेरोजगारी के मामलों में सार्वजनिक सहायता, वृद्वावस्था, बीमारी और दिव्यांगता तथा अनावष्यक मामलों में सुनिष्चितता के लिए प्रावधानों को प्रभावी बनाने का अधिकार देती है।

संविधान के भाग 4 की धारा 46, राज्य को समाज के कमजोर वर्ग की षैक्षिक और आर्थिक अभिरूचियों को विषेश देख–रेख में बढावा देने का आदेष देती है। इसी भाग की धारा 38 (2) भी राज्य को न केवल व्यक्तियों में बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में रहने वालों अथवा विभिन्न व्यवसायों में लगे हुए लोगों के समूह में आय की असमानता को कमःसे कम करना, स्थिति विषेश की असमानता से छुटकारा दिलाना, सुविधाओं और अवसरों को उपलब्ध कराने के प्रयास करने का आदेष देती है।

वर्तमान में अनुसूचति जातियों (एससीएस) और अन्य पिछडे वर्ग के छा्त्रों के लिए निःषुल्क कोचिंग प्रदान करने की योजना उपलब्ध है। फिर भी, दिव्यांग छात्रों के लिए इस प्रकार की कोई परियोजना चालू नहीं है। दिव्यांगजनों के सामाजिक – आर्थिक विकास के संदर्भ में अन्य बातों के साथ–साथ बारहवीं पंचवर्शीय योजना दस्तावेज में दिव्यांग छात्रों की निःषुल्क कोचिंग योजना के माध्यम से ऐसे लोगों के षैक्षिक विकास पर जोर दिया जाएगा।

mís';%

योजना का उददेष्य न्यूनतम 40 प्रतिषत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले आर्थिक रूप से लाभ वंचित छात्रों के लिए कोचिंग उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में षामिल होने तथा सरकारी/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में उपयुक्त रोजगार प्राप्त करने में सफल होने के योग्य बनाया जा सके।

dksfpax ds fy, dkslZ%

जिनके लिए कोचिंग दी जाएगी, वे कोर्स, निम्नानुसार होंगे:–

i) संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और विभिन्न रेलवे बोर्डों (आरआरबीएस) द्वारा आयोजित समूह "क'' और "ख'' पदो के लिए भर्ती परीक्षाएं ।

ii) राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा अपने राज्यों में आयोजित समूह "क'' और "ख'' पदो के लिए भर्ती परीक्षाएं।

iii) बैंकिग कर्मियों के चयन संस्थान (आईबीपीएस), राश्ट्रीयकृत बैंकों सरकारी बीमा कम्पनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूएस) के अधीन आयोजित की जाने वाली अधिकारी स्तर के लिए भर्ती परीक्षाएं ।

iv) इनमें प्रवेष के लिए प्रवेष–परीक्षाएं (क) इंजीनियरिंग (अर्थात् आईआईटी–जेईई) (ख) मैडिकल (एआईपीएमटी), (ग) प्रबंधन जैसे व्यावसायिक पाठयक्रम (अर्थात सीएटी) और विधि (अर्थात सीएलएटी) और (घ) ऐसा कोई अन्य क्षेत्र जिसका समय–समय पर मंत्रालय द्वारा निर्णय किया जाता है ।

dk;kZUo;u ,tsfl ;ka%

योाजना को निम्नलिखित विख्यात कोचिंग संस्थानों/केन्द्रों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा:–

i) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रषासन और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा उनके अधीन स्वायत्त निकाय।

ii) विष्वविद्यालय (दोनों, केन्द्रीय और राज्य सरकारों के अधीन) सहित मानित विष्वविद्यालय और निजी विष्वविद्यालयं आदि

iii) पंजीकृत निजी संस्थान/गैर–सरकारी संगठन।

dksfpax lLFkkuksa dh iSuyc}rk ds vkosnu ds fy, ik=rk ekun.M

(i) संस्थान एक पंजीकृत निकाय होना चाहिए अथवा सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860/कम्पनीज अधिनियम, 2013 अथवा राज्य/संघ षासित प्रदेष के अन्य किसी प्रासंगिक अधिनियम के तहत किसी पंजीकृत संगठन द्वारा चलाया जा रहा हो।

(ii) दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा पैनलबद्वता के लिए राज्यों/संघ षासित प्रदेषों/कोचिंग संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करने की अधिसूचना की तारीख तक संस्थान को कम से कम 03 वर्शों की अवधि के लिए पंजीकृत होना चाहिए।

(iii) इस योजना के तहत संस्थान को तुरन्त उस वर्श से पहले जिसमें पैनल तेयार किया जाता है, आवेदन करने के समय 3 वर्शों की अवधि के लिए पूर्णरूपेण कार्यात्मक होना चाहिए और कोर्स में कम से कम दो वर्शों के लिए प्रत्येक वर्श में न्यूनतम 100 का नामांकन होना चाहिए।

(iv) संस्थान में, जिस कोर्स में कोचिंग देने के लिए आवेदन किया गया है, सभी निर्धारित जरूरतों को पूरा करने हेतु उपयुक्त आधारभूत संरचना (बाधामुक्त) का होना अनिवार्य है ।

lLFkkuksa dk p;u %

(i) कोचिंग संस्थानों के पैनलबद्वता के प्रस्ताव पर, एक चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा और उसके पिछले निश्पादन – रिकार्ड तथा चयन समिति द्वारा निर्धारित मापदण्ड के आधार पर सिफारिष की जाएगी। दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा चयन समिति की सिफारिषों के आधार पर कोचिंग प्रदान करने के लिए चयन किया जाएगा। चयन समिति का गठन निम्नानुसार होगाः–

क.	संयुक्त सचिव (डीईपीडब्ल्यूडी)	-	अध्यक्ष
ख.	वित्तीय सलाहकार, (डीईपीडब्ल्यूडी) अथवा नामांकित, उप सचिव/निदेषक के पद से कम नहीं	-	सदस्य
ग.	संयुक्त सचिव, उच्चतर षिक्षा विभाग	-	सदस्य
घ.	विभाग द्वारा सुनिष्चित किए जाने वाले प्रासंगिक पृश्ठभूमि के दो प्रतिनिधि	-	सदस्य
ड.	निदेषक/उप सचिव, (डीईपीडब्ल्यूडी)	-	संयोजक

(ii) राज्य/संघ षासित प्रदेष कोर्सों की कोचिंग देने में, ऊपर के पैरा–3 में अभिज्ञात किए गए, सफलता के प्रमाणित ट्रैक–रिकार्ड वाले विख्यात कोचिंग संस्थानों की सूची (10 से अधिक नहीं) प्रस्तुत करेंगे ।

(iii) राज्यों से प्राप्त हुए प्रस्तावों के अतिरिक्त, ऊपर के उप–पैरा (1) में बताए गए अनुसार चयन समिति भी जिन सस्थानों का अच्छा नाम है और निश्पादन रिकार्ड भी अच्छा है, उन कोचिंग संस्थानों की पैनलबद्वता को प्रस्तावित कर सकती है।

(iv) कोचिंग संस्थानों के नामों की सूची प्राप्त होने पर दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग द्वारा संस्थानों से निवेदन किया जाएगा कि वे योजना की जरूरतों के अनुपालन में अपेक्षित प्रपत्र में विस्तृत प्रस्ताव अपने निश्पादन रिकार्ड सहित जमा करें।

(v) विख्यात संस्थानों की राज्य के एक जिले से अधिक जिलों में षाखाएं होने की स्थिति में अकेले संस्थानों की तुलना में एक से अधिक षाखाओं वाले संस्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

(vi) संबंधित कार्यक्रम विभाग राज्य सरकारों/संघ षासित प्रदेषों और चयन समिति द्वारा अनुषंसित संस्थानों से प्राप्त हुए प्रस्तावों पर पहली नजर में पात्रता मानदण्डों तथा सभी निर्धारित सहायक दस्तावेजों के संलग्न होने की स्थिति से संतुश्ट होने पर प्रारम्भिक जांच करेगा ।

(vii) संस्थान का एक बार चयन हो जाने पर वह, पेषकष किए जाने वाले पाठयक्रमों के संबंध में, पैनलबद्वता के नियमों और षर्तों, षुल्क–संरचना, संवितरण की आवृत्ति, स्लॉटस की संख्या, पाठ्यक्रम की अवधि, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का प्रस्तुत करना आदि के संबंध में, दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग (डीईपीडबल्यूडी), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता करेगा ।

(viii) दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग (डीईपीडबल्यूडी) के साथ हुए अपने समझौतों के अधीन चयनित कोचिंग संस्थानों को तीन वर्शों के लिए पैनलबद्व किया जाएगा ।

नोटः– योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार करने की दृश्टि से योजना के प्रावधानों के अनुसार कोचिंग संस्थान पात्र दिव्यांगजन (पीडबल्यूडी) अभ्यर्थियों से आवेदन–पत्र आमन्त्रित करने के लिए स्थानीय समाचार–पत्रों में विज्ञापन जारी करेगा।

/kujkf'k dk i\Vu%&

(i) योजना की षर्तों और नियमों के तहत तथा संबंधित कोचिंग संस्थान से हुए समझौते के अनुसार दिव्यांगजन सषक्तिकरण विभाग (डीईपीडबल्यूडी), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार चयनित दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को प्रदान की जाने वाली कोचिंग के समस्त व्यय के लिए धनराषि देगा ।

(ii) संबंधित कोचिंग संस्थानों/केन्द्रों को षुल्क की राषि अनुदान सहायता के रूप में सीधे ही जारी की जाएगी ।

(iii) प्रतिवर्श दो समान किष्तों में अनुदान–सहायता संबंधित संस्थानों को निर्मुक्त कर दी जाएगी ।

(iv) संस्थान को प्रथम किष्त उसकी पैनलबद्वता के तुरन्त बाद जारी कर दी जाएगी। फिर भी, संस्थान को अनुदान सहायता की दूसरी किष्त (प्रति–पूर्ति के रूप में) उपयोगिता प्रमाण–पत्र, किए गए व्यय के ब्यौरे, चार्टर्ड एकाउटेंट द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षित खाते, संचालित किए गए पाठ्क्रमों के ब्यौरे और छात्रों की संख्या, जिनको कोचिंग दी गई, के ब्यौरों के प्रस्तुतीकरण पर निर्मुक्त की जाएगी।

(v) एक वर्श पूरा होने के उपरान्त, आगामी वर्श के लिए धनराषि निर्मुक्त करने से पहले संस्थान के प्रदर्षन का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक वर्श के बाद धनराषि का निर्मुक्त किया जाना पिछले वर्श के दौरान संस्थान के संतोशजनक प्रदर्षन पर निर्भर होगा।

(vi) पैनलबद्व कोचिंग संस्थानों को दूसरे और तीसरे वर्श के लिए देय उपयोगिता प्रमाण–पत्र, पिछले वर्श के अनुदान सहित कोचिंग प्राप्त छात्रों की सूची, पिछले वर्श की धनराषि के संबंध में लेखा परीक्षित खाते और पिछले वर्श के दौरान कोचिंग प्राप्त छात्रों के प्रदर्षन की प्राप्ति पर अनुदान सहायता निर्मुक्त होगी ।

(vii) पैनलबद्व संस्थानों को राश्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (www.scholarship.gov.in) (इस योजना के लिए जब कभी पोर्टल का परिचालन किया जाएगा) पर अपने आपको पंजीकृत करना चाहिए ।

(viii) अभ्यर्थियों (छात्रों/प्रषिक्षुओं) को ऑन तरीके के माध्यम से आवेदन पत्रों की प्राप्ति की निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने आवेदन जमा कराने चाहिए । सभी अपेक्षित दस्तावेज जैसे फोटोग्राफ, आयु का प्रमाण, दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, अभिभावक का आय का प्रमाण–पत्र आदि निर्धारित प्रारूप में विधिवत रूप में भरे हए ऑन लाइन तरीके से अपलोड किए जाने अपेक्षित है (फिर भी, राश्ट्रीय छात्रवृत्ति के माध्यम से निःषुल्क कोचिंग की योजना षुरू होने तक अभ्यर्थी अपनी पसंद के पैनलबद्व संस्थानों को अपने आवेदनों को ऑन लाइन तरीके के माध्यम से जमा करेंगे ।

